प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 30.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

.............................

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर, उदयपुर और जोधपुर संभाग के विधायकों के साथ बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर बैठक की।
- मावठ के बाद प्रदेशभर में तेज सर्दी का असर–राजधानी जयपुर सहित कई शहरों में कोहरा छाने से जनजीवन प्रभावित।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो आज श्री हरिकोटा से दो उपग्रहों का प्रक्षेपण करेगा।
- सोमवती अमावस्या आज–प्रदेश के शिव मंदिरों में विशेष आयोजन।

.............................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश के हर क्षेत्र की जनआकांक्षाओं को पूरा करते हुए प्रदेश के विकास को गति प्रदान करना राज्य सरकार का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कल ये बात भरतपुर, उदयपुर और जोधपुर संभाग के विधायकों के साथ बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने विधायकों से अपने विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और जिला प्रशासन के साथ लगातार बैठक कर विकास कार्यों की प्रगति का फीडबैक लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विधायक, सरकार और जनता के बीच की अहम कड़ी है। ऐसे में सभी विधायक क्षेत्र के लोगों के साथ संवाद करने से लेकर बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन तक सक्रिय जनप्रतिनिधि की भूमिका निभाएं। उन्होंने विधायकों से क्षेत्र की आवश्यकता के अनुरूप आगामी बजट के लिए जनहित के विकास कार्यों के सुझाव देने को भी कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले में एक उपज, एक उत्पाद, एक प्रजाति, एक पर्यटन और एक खेल को बढ़ावा देने के लिए पंच गौरव कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संबंधित जिले में इन श्रेणियों में चुने गए तत्वों का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए, ताकि इनके संरक्षण और प्रोत्साहन को बढ़ावा मिल सके।

.............................

खुले बोरवेल में बच्चों के गिरने की घटना को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश के बाद ऐसे हादसों को रोकने के लिए जयपुर जिला प्रशासन ने पिछले दो दिनों में कुल 746 खुले बोरवेल और कुओं को ढकवाया है। अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार मूंड ने बताया कि अभियान के तहत जयपुर तहसील में 13, आमेर तहसील में 30, कालवाड़ तहसील में 33, तूंगा तहसील में 69, जमवारामगढ़ तहसील में 24, माधोराजपुरा तहसील में 26, बस्सी तहसील में 30, चाकसू तहसील में 63, आंधी तहसील में 30 और किशनगढ़– रेनवाल तहसील में 36 खुले बोरवेल और कुंए लोहे की प्लेट तथा जालियों से ढकवाए गए हैं।

.............................

मावठ के बाद प्रदेशभर में सर्दी का असर तेज हो गया है। आज राजधानी जयपुर सहित कई शहरों में कोहरा छाया हुआ है। घने कोहरे के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात पर असर देखा जा रहा है। दृष्यता कम होने के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के विभिन्न शहरों के रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। भरतपुर में ठंड का असर तेज होने और ओस गिरने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। शहर में आज सुबह से ही कोहरा छाया हुआ है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार ओस और तेज सर्दी रबी की फसलों के लिए लाभदायक बताई गई है। खास तौर से गेहूं, चना और मटर के लिए ये फायदेमंद है। जैसलमेर, बाड़मेर और भीलवाडा में आज घना कोहरा छाने और दृश्यता कम होने से आवागमन बाधित हो रहा है। बारां में सर्दी का असर बढ़ गया है। अजमेर में भी सर्द हवाओं से तापमान में गिरावट दर्ज की

गई है। इधर सवाईमाधोपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि सर्दी का असर बढ़ने से आम जनजीवन पर इसका असर देखा जा रहा है। घने कोहरे और ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे है।

.........................

शीतकालीन अवकाश और नववर्ष मनाने के लिए प्रदेशभर में देश–विदेश से सैलानी बडी संख्या में पंहुच रहे हैं। सैलानियों की सुविधाओं तथा विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन भी चाक चौबंध है। पाली के जवाई, देसूरी, रणकपुर और सादड़ी में हर साल की तुलना में इस साल देशी–विदेशी पर्यटकों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है। होटल पर्यटको से भरे हुए है। यहां आये पर्यटक पैंथर और अन्य वन्य जीवों को जीप सफारी से देखने का आनंद ले रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चैन सिंह महेचा ने बताया कि पर्यटन सीजन को लेकर पुलिस प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए है। साथ ही एडवाइजरी जारी की है।

.........................

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो आज रात नौ बजकर 58 मिनट पर श्री हरिकोटा से दो उपग्रहों का प्रक्षेपण करेगा। ये उपग्रह कक्षा में अंतरिक्ष यानों की डॉकिंग–अनडॉकिंग यानि जोडने और अलग करने की प्रक्रिया दर्शायेंगे। प्रक्षेपण यान पीएसएलवी–सी 60 इन दोनों उपग्रह–एसडीएक्स–01 और एसडीएक्स–02 को 476 किलोमीटर की कक्षा में स्थापित करेगा और स्पेस डॉकिंग की प्रायोगिक प्रक्रिया पूरी करेगा। इस प्रक्षेपण के साथ ही भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला विश्व का चौथा देश हो जाएगा। स्पे डेक्सॉ मिशन अंतरिक्ष के अन्वेषण में भारत के भावी प्रयासों में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इन प्रयासों में चन्द्रमा की सतह से चट्टान और मिट्टी लाने, प्रस्तावित भारतीय अंतरिक्ष केन्द्र की स्थापना और चांद की सतह पर अंतरिक्ष यात्रियों को उतारने के प्रयास शामिल होंगे। अब तक केवल अमरीका, रूस और चीन ने स्पेस डॉकिंग तकनीक में महारथ हासिल की है।

.........................

हनुमानगढ़ जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे मानस अभियान के तहत कल नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कला जत्थे की ओर से नुक्कड़ नाटक के जरिए नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। हमारी संवाददाता ने बताया कि जिले में युवाओं में नशे की बढती लत को देखते हुए जिला प्रशासन ने इस अभियान की पहल की है। इसके तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित हो रही है।

.........................

सोमवती अमावस्या के मौके पर आज भीलवाड़ा जिले के बिजोलिया क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध तिलस्वा महादेव मंदिर में शिवलिंग का विशेष श्रृंगार किया गया है। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर में दर्शनों के लिए पंहुच रहे है। आज वहां मेला भी भर रहा है। कोटा में भी सोमवती अमावस्या पर जिले भर में शिव मंदिरों में रुद्राभिषेक किया जा रहा है। वही शाम को श्रृंगार दर्शन और आरती होगी। पाली में भी सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों का आना जारी है। सोमनाथ मंदिर में भगवान शिव का विशेष श्रंगार किया गया है। बाडमेर के चौहटन में सुंईया मेला परवान पर है। हमारे संवाददाता ने बताया कि मेले में काफी संख्या में श्रद्धालु पंहुच रहे है।

.........................